# कार्यालयः– वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल।

वन भवन, चतरा– 825401 (झारखण्ड)

Ph. & Fax (o) - 06541- 298011

E-mail:- dfo-chatrasouth@gov.in


पत्रांक– 2212 दिनांक– 09/09/2023

सेवा में,

परियोजना पदाधिकारी,
मगध खुली खदान परियोजना,
होन्हे, टण्डवा, चतरा।

विषयः– मेसर्स सी0सी0एल0 द्वारा चतरा जिला अन्तर्गत मगध खुली खदान परियोजना पूर्वी भाग के लिए 192.36 हे0 (वन भूमि– 57.29 हे0 एवं जंगल झाड़ी– 135.07 हे0) वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव पर भारत सरकार द्वारा की गई पृच्छा का संशोधित बिन्दुवार अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करने के संबंध में।

प्रसंगः–

1. भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय न्यू दिल्ली के पत्रांक 8-27/2022-FC दिनांक 28.04.2023
2. प्रधान मुख्य वन संरक्षक –सह– कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 848 दिनांक 17.08.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र 1 द्वारा चौदह बिन्दुओं पर की गई पृच्छा के आलोक में प्रासंगिक पत्र 2 द्वारा पृच्छा संख्या 8,10,11 एवं 13 के अनुपालन में संशोधन करते हुए संशोधित बिन्दुवार अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक 1981 दिनांक 21.08.2023 द्वारा अनुरोध किया गया था। उक्त के आलोक में आपने अपने पत्रांक 1481 दिनांक 02.09.2023 द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन इस कार्यालय में समर्पित किया गया है। समर्पित अनुपालन प्रतिवेदन के अवलोकनोंपरांत पाया गया कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक –सह– कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची द्वारा भारत सरकार के अनुपालन में संशोधन करने हेतु दिए गए निर्देश के आलोक में मात्र 04 (चार) बिन्दुओं का ही अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया गया है जिसमें भी बिन्दु संख्या 10 एवं 13 का अनुपालन प्रतिवेदन यथावत है, इसमें कोई भी संशोधन नहीं किया गया है।

अतः आपके द्वारा समर्पित अनुपालन प्रतिवेदन की सभी मूल प्रतियाँ इस पत्र के साथ संलग्न कर वापस करते हुए अनुरोध है कि प्रासंगिक पत्र 2 द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में भारत सरकार द्वारा 14 (चौदह) बिन्दुओं पर की गई पृच्छा का संशोधित बिन्दुवार अनुपालन प्रतिवेदन सभी अनुलग्नक/दस्तावेज सहित इस कार्यालय में समर्पित किया जाय ताकि उच्चाधिकारियों को प्रतिवेदित किया जा सके।

विश्वासभाजन,

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल।

09/9/23